यहाँ क्या हो रहा है?

यहाँ क्या
हो रहा है?

यहाँ क्या हो रहा है?

इस पेड़ के ऊपर क्या है?

पेड़ पर एक कुत्ते
जैसा दिखाई दे रहा है.
अरे, एक कुत्ता ही है!
लेकिन क्या एक कुत्ता पेड़ पर
चढ़ सकता है?
यह कुत्ता चढ़ सकता है.
पेड़ के ऊपर चढ़ कर यह
भेड़ों की निगरानी कर रहा है.
यह एक शीपडॉग है.

लड़का सो रहा है और
कुत्ता भेड़ों का
ध्यान रख रहा है.

एक भेड़ भागना चाहती है.
लेकिन कुत्ता देख लेता है.
वह कूद कर पेड़ से नीचे आ जाता है
और उसे वापस ले आता है.
एक शीपडॉग भेड़ों को
भागने नहीं देता.

यहाँ क्या हो रहा है?
इस पेड़ के ऊपर क्या है?

एक बकरी,

दो बकरियाँ,

तीन बकरियाँ.

पेड़ के ऊपर यह तीन बकरियाँ

क्या कर रही हैं?

बकरियों को कहीं घास नहीं मिली.

इसलिये पत्ते खाने के लिये

वह पेड़ पर चढ़ गईं हैं.

यहाँ क्या हो रहा है?

इस पेड़ के ऊपर क्या है?

इस पेड़ पर एक सांप है.

अब वह नीचे आ रहा है.

वह नीचे कैसे आयेगा?

लगता है की वह उड़ रहा है.
इस सांप को
'उड़ने-वाला सांप' कहते हैं.

अरे, वह गया!
सांप चपटा हो गया है-
पतंग की तरह.
वह गया, पतंग की तरह.
वह एक पेड़ से
दूसरे पेड़ पर जा रहा है.

यहाँ क्या हो रहा है?

पानी से बाहर क्या आ रहा है?

मछलियाँ - लंबी छलांग लगाती हुईं!

लगता है वह उड़ रही हैं.

इन्हें 'उड़ने-वाली मछली' कहते हैं.

यहाँ क्या हो रहा है?

पानी से बाहर क्या आ रहा है?

एक मछली-
एक छोटी मछली बड़ी मछली से
बचकर भाग रही है.
देखो, यह मछली क्या कर सकती है!
पानी से बाहर आकर वह
एक पेड़ पर चढ़ जाती है.
जल्दी ही बड़ी मछली चली जायेगी.
फिर छोटी मछली भी
पानी में लौट जायेगी.

यहाँ क्या हो रहा है?
पानी के अंदर वह क्या है?

यह एक सांप जैसा लगता है.

यह सांप ही है - जल-सांप.

कितनी तेज़ तैरता है यह

पानी में!

जल-सांप इतना तेज़ होता है कि

मछली को भी पकड़ लेता है.

यहाँ क्या हो रहा है?

पानी के अंदर वह क्या है?

यह जल-सांप जैसा लगता है.

लेकिन-

यह सांप नहीं है.
यह एक पक्षी है.
इसे स्नेक-बर्ड कहते हैं.

स्नेक-बर्ड पानी में
यहाँ-वहाँ जाता है.
लेकिन अपना सिर वह
पानी के बाहर रखता है.
स्नेक-बर्ड बहुत तेज़ तैरता है
और मछली पकड़ सकता है.

एक सांप मछली पकड़ सकता है.

एक स्नेक-बर्ड मछली पकड़ सकता है.

एक बड़ी मछली छोटी मछली पकड़ सकती है.

और यह है एक ऐसी छोटी मछली
जो बड़ी मछली पकड़ सकती है!

यहाँ क्या हो रहा है?

पानी के अंदर क्या है?

यह एक घोड़े जैसा लगता है.

लेकिन-

यह एक घोड़ा नहीं है.
यह एक मछली है-
एक बहुत छोटी मछली.
यह बहुत छोटे
घोड़े समान लगती है और
इसे सी-हॉर्स कहते हैं.
इस अनोखी मछली की
अनोखी पूंछ है-और-

अपनी पूंछ से यह मछली
यह सब कर सकती है.

यहाँ क्या हो रहा है?
क्या यह एक घोड़ा है?

नहीं, यहाँ दो घोड़े हैं!
दो घोड़े अपनी दो पूँछों से
यह सब कर सकते हैं.
एक बड़ी मक्खी आ रही है.
पटाक!
फटाक!
बड़ी मक्खी वहाँ जा रही है.

धूम! धाम!
यहाँ क्या हो रहा है?

यह बड़ा काला घोड़ा
बिलकुल अकेला है.
छोटा सफ़ेद घोड़ा
बाहर चला गया है.
लड़का भी बाहर चला गया है.
इसीलिए बड़ा काला घोड़ा
ऊधम मचा रहा है.
धूम! धाम!
घोड़ों को अकेले रहना अच्छा नहीं लगता.

यहाँ क्या हो रहा है?
यह छोटा सूअर कुछ खा नहीं रहा.
अरे, अरे-एक सूअर
जो खा नहीं रहा!

यह छोटा सूअर बिलकुल अकेला है.
सूअरों को अकेले खाना अच्छा नहीं लगता!
इसीलिये यह सूअर कुछ नहीं खायेगा.

एक आदमी भीतर आता है.
“खाओ, छोटे सूअर,” आदमी कहता है.
“अब तुम अकेले नहीं हो.”
छोटा सूअर खाने लगता है.
फिर वह रुक कर आसपास देखता है.

"चलो, खाते रहो. मैं यहीं हूँ,"
आदमी कहता है.
"मैं तुम्हें गीत सुनाता हूँ.
फिर तुम्हें पता रहेगा कि मैं यहीं हूँ."
आदमी गाने लगता है
और छोटा सूअर खाता है
और खाता है और खाता है,
बिल्कुल सूअर की तरह.

यहाँ क्या हो रहा है?
इस हवाई जहाज़ में क्या जा रहा है?

एक हाथी चिड़ियाघर जा रहा है.
हवाई जहाज़ उसे
चिड़ियाघर ले जाएगा.

एक हाथी को अकेले रहना
अच्छा नहीं लगता.
जब वह अकेला होता है तो
खूब ऊधम मचाता है.
वह उछल-कूद करता है.
अगर हाथी ऊछल-कूद करने लगे तो
पायलट हवाई जहाज़ नहीं चला पायेगा.

लेकिन यह हाथी
ऊधम नहीं मचाएगा.
वह अकेला नहीं है.
एक छोटी मुर्गी इसके साथ है.
आदमी एक मुर्गी भी
हवाई जहाज़ में ले आया है.
वह हाथी के साथ यात्रा कर रही है.
हाथी मुर्गी को देखता है.
वह देखता है कि वह अकेला नहीं है.
अब वह न ऊधम मचाएगा,
न ही उछल-कूद करेगा.

यहाँ क्या हो रहा है?
यह घोड़ा क्या कर रहा है?

यह घोड़ा भाग रहा है.
इसने दरवाज़ा खोलना सीख लिया है.
घोड़े चतुर होते हैं.

यहाँ क्या हो रहा है?
यह छोटा सूअर क्या कर रहा है?

यह छोटा सूअर तो मस्ती कर रहा है.
इसने तो नल खोलना
सीख लिया है.
सूअर बहुत होशियार होते हैं.

यहाँ क्या हो रहा है?

कछुआ सेब पकड़ने के लिए चल रहा है.

वह चलता जा रहा है

चलता जा रहा है

चलता जा रहा है

सेब पकड़ने के लिए.

कछुए बहुत समझदार नहीं होते.

यहाँ क्या हो रहा है?

यह पक्षी क्या कर रहा है?

यह पक्षी तो मस्ती कर रहा है.
वह खींचता है और खींचता है और खींचता है.
और देखो उसने
टोपी में क्या डाल दिया!

यहाँ क्या हो रहा है?

एक छोटा खरगोश,

दो छोटे खरगोश,

तीन छोटे खरगोश खेल रहे हैं.

वह गोल-गोल भाग रहे हैं.

वह कूदते हैं और भागते हैं.

बड़े खरगोश भी खेल रहे हैं.

यहाँ क्या हो रहा है?

धड़ाम! कूदो! भागो!
चारों ओर भागो.
बड़ी गाय बस देख रही है.
बछड़े खेल रहे हैं.

यहाँ क्या हो रहा है?

क्या वह सब सो रहे हैं?

नहीं!

बछड़े सो रहे हैं.

लेकिन बड़ी गाय नहीं सो रही.

बड़ी गायें बिलकुल नहीं

सोतीं!

यहाँ क्या हो रहा है?

मछली पकड़ो-
कूदो भागो-
घोड़ा बन कर-
टक्कर मारो!

तुम हो कछुआ-
तुम हो भेड़-
जल्दी भागो-
करो न देर!

समाप्त